दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 246 मुरादाबाद, 26 December 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार

### पिता का दुख, भगवान पर भारी: मंदिर में जाकर रोया...फिर तोड़ दी मूर्तियां, औलाद के लिए मांगी थी मनौती

चौकी प्रभारी पहाड़पुर शशिकांत सरोज ने बताया कि मासूम पुत्र की मौत के गम में जयराम ने शराब पी रखी थी। उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं लग रहा है। टूटी मूर्तियों को सुरक्षित रखवा दिया गया है। युवक की तलाश की जा रही है।फतेहपुर जिले में किशनपुर थाना क्षेत्र के जलंधरपुर गांव में रविवार शाम एक दुखी पिता ने अपने मासूम पुत्र की मौत के गम में शराब पी ली। इसके बाद शिव मंदिर की मूर्तियां को तोड़कर बाहर फेंक दिया और गांव में खूब तांडव मचाया। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, किशनपुर थाना क्षेत्र के जलंधरपुर मजरे गुरवल गांव निवासी जयराम निषाद पुत्र जगजीत के एक वर्षीय पुत्र की रविवार को अचानक मौत हो गई। उसके गम में जयराम ने रविवार शाम जमकर शराब पी और खूब तांडव मचाया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में बने शिव मंदिर में पहुंचा। यहां रखी बजरंगबली व शिव जी समेत अन्य मूर्तियों को उठाकर बाहर मैदान में फेंक दिया, जिससे सभी मूर्तियां टूट गईं। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस और पीआरवी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शराबी को काबू में करना चाहा, लेकिन उसने ग्रामीणों समेत अपने भाई व अन्य के साथ मारपीट कर दी। भगवान से नाराजगी जताते हुए मचाया उत्पात-पुलिस की पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि इसके दो छोटे पुत्रों की पहले भी मौत हो चुकी है। रविवार को एक और पुत्र की मौत हो गई है और अब उसके कोई संतान भी नहीं रह गई। इसके गम में इसने शराब पी ली है और अपना दिमागी संतुलन खो बैठा है। भगवान से नाराजगी जताते हुए उत्पात मचाया है। टूटी मूर्तियों को सुरक्षित रखवा दिया गया-' जयराम ने शराब पी रखी थी।

## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती: सीएम ने हेलीपोर्ट सुविधा का किया शुभारंभ, बोले- अटल जी ने रखी स्थिर सरकार की नींव



अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सूबे के मुखिया पूर्व पीएम की जन्मस्थली आगरा के बाह स्थित बटेश्वर पहुंचे हैं। यहां वह विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। जयंती पर सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के आगरा के बाह क्षेत्र स्थित उनकी जन्मस्थली बटेश्वर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री की यादों पर सांस्कृतिक संकुल केंद्र का लोकार्पण किया। साथ ही 148 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि विराट व्यक्तित्व के स्वामी अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में स्थिर सरकारों की नींव रखी। उनसे पहले देश में सिर्फ अस्थिर सरकार बनती थीं। अस्थिर सरकार के कारण ही आज पाकिस्तान में भुखमरी के हालात हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्थिर सरकार बनी है। साढ़े तीन साल से राशन मिल रहा है। अगले पांच साल की गारंटी है।सीएम दोपहर 1.02 बजे बटेश्वर के खांद स्थित हेलीपैड पर उतरे। उनके साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उच्च शिक्षा मंत्री भी साथ आए। कमिश्नर रितु माहेश्वरी, डीएम भानु चंद्र गोस्वामी, आयुक्त डॉ प्रीतंदर सिंह, सांसद राजकुमार चाहर, बाह विधायक पक्षाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, जिला अध्यक्ष गिर्जा कुशवाह आदि मौजूद हैं। सीएम कार से जनसभा स्थल पहुंचे। उन्हें सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।

### भाजपा नेताओं ने किया सीएम का स्वागत

बटेश्वर में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने छोटी काशी के ब्रह्मलाल मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां से निकलने के बाद वह पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती कार्यक्रम में पहुंचे। सभास्थल पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं विधायक बाह रानी पक्षालिका सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एसपी सिंह, राज्य कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कारागार होमगार्ड राज्य मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

### भारी संख्या में भीड़ पहुंची

पूर्व प्रधानमंत्री अटल की प्रतिमा का अनावरण किया। सात ही 148 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। सभास्थल पर पंडाल में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं जनता की भीड़ मौजूद रही।

### हेलीपोर्ट सुविधा का किया शुभारंभ

आगरा के बटेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने बटेश्वर से गोवर्धन के लिए हेलीपोर्ट सुविधा का शुभारंभ किया।

## मोहन यादव कैबिनेट का विस्तार; कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल समेत 28 विधायक बने मंत्री; कई नए चेहरों को मिली जगह




सीएम मोहन यादव की कैबिनेट का आज विस्तार हो गया है। सीएम के कैबिनेट मंत्रियों की सूची में विजय शाह कैलाश विजयवर्गीय प्रह्लाद सिंह पटेल राकेश सिंह करण सिंह वर्मा राव उदय प्रताप सिंह सहित 18 विधायक शामिल हैं। वहीं 6 नेताओं को राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) बनाया गया है और 4 को राज्य मंत्री बनाया गया।मध्यप्रदेश में सीएम मोहन यादव की कैबिनेट का आज विस्तार हो गया है। सीएम ने रविवार को ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद कैबिनेट विस्तार की बात कही थी। इस बीच आज राज्यपाल ने नवनिर्वाचित मंत्रियों को शपथ दिला दी है।

### 18 विधायक बने कैबिनेट मंत्री

कैबिनेट मंत्रियों की सूची में विजय शाह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, राव उदय प्रताप सिंह सहित 18 विधायक शामिल हैं। वहीं, 6 नेताओं को राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) बनाया गया है

और 4

को राज्य मंत्री बनाया गया। इन 18 नेताओं ने ली कैबिनेट मंत्री पद की शपथ-कैलाश विजयवर्गीय प्रहलाद सिंह पटेल राकेश सिंह करण सिंह वर्मा राव उदय प्रताप सिंह विजय शाह संपतिया उइके तुलसीराम सिलावट एंदल सिंह कंसाना निर्मला भूरिया गोविंद सिंह राजपूत विश्वास सारंग नागर सिंह चौहान नारायण सिंह कुशवाह प्रद्युमन सिंह तोमर राकेश शुक्ला चेतन काश्यप इंदर सिंह परमार इन नेताओं को बनाया गया राज्य मंत्री- राधा सिंह प्रतिमा बागरी दिलीप अहिरवार नरेन्द्र शिवाजी पटेल ये विधायक बने राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दिलीप जायसवाल गौतम टेटवाल लखन पटेल कृष्णा गौर धर्मेंद्र लोधी नारायण सिंह पवार मोहन यादव ने क्या कहा सीएम मोहन यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में नया मंत्रिमंडल गठन हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार प्रदेश के बेहतरी के लिए काम करने जा रही है।


## अजय राय बोले: सरकार से भीख नहीं जमीनों का मुआवजा मांग रहे किसान, मोदी हो या योगी...मनमानी नहीं होने दी जाएगी

कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा में शामिल होने से पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय दोपहर के समय कूबी गांव पहुंचे। उन्होंने जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों से वार्ता की। भाजपा सरकार किसानों को रुलाने के लिए मजबूर कर रही है। कूबी में किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। पचास लाख की जमीन के बदले 50 हजार का मुआवजा देना किस हद तक सही है। किसान भीख थोड़ी मांग रहे हैं। इससे तो किसान अपनी जमीन दान में दे दे। सरकार के शोषण से कूबी में माता-बहनें और बुजुर्ग रोने को मजबूर हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी



बात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के दौरान कही। सोमवार को होने से पहले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे। उन्होंने जमीन के मुआवजे से वार्ता की। कहा कि किसानों हैं। किसान जमीन का हक मांग नहीं रेंग रही है। पचास लाख की रुपये दिया जा रहा है। जो सरासर किसानों का उत्पीड़न नहीं होने देगी।यह ने कूबी में धरनारत किसानों से मुलाकात कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल अजय राय दोपहर के समय कूबी गांव की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों के धरने तीन सौ से अधिक तीन हो चुके रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूं कीमत की जमीन का मुआवजा 50 हजार गलत है। इससे तो किसान इस जमीन को सरकार को दान में दे दे। किसान सरकार से भीख थोड़ी मांग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। हम उनका डटकर उनके साथ देंगे। अन्नदाता कमजोर नहीं है। आज सरकार के उत्पीड़न से कूबी में माता-बहनें और बुजुर्ग रो रहे हैं। यह सरकार हिटलर शाही वाली है। कहा कि लड़ाई लड़ना सही है, लेकिन भूख रहना गलत है। मजबूत रहने के लिए खाना पीना जरूरी है। दूध और मट्ठा पीकर सरकार से लड़ाई लड़ने के लिए खुद को मजबूत बनाएं। हम और हमारी पार्टी उनके साथ है। हम मोदी से लड़ते हैं अजय राय ने किसानों से कहा कि हम मोदी से लड़ते हैं। 2014 और 2019 के चुनाव में बनारस में हम मोदी के सामने लड़ते हैं। डटकर लड़ेंगे, पीछे नहीं हटेंगे। चाहे मोदी हो या योगी। मनमानी नहीं होने दी जाएगी। आपको न्याय दिलाकर रहेंगे। इस सरकार को किसान ही जवाब देंगे।

## इसमें गलत क्या है, उपराष्ट्रपति की मिमिक्री को रिकॉर्ड किए जाने पर सिब्बल ने किया राहुल गांधी का बचाव



टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारने पर सियासत गरमा गई है। मिमिक्री विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सोमवार को कांग्रेस विधायक राहुल गांधी का समर्थन किया। सिब्बल ने कहा कि वीडियो बनाने में क्या गलत है ? समाचार एजेंसी एएनआई ने कपिल सिब्बल के हवाले से कहा राहुल गांधी ने इस वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म पर चलाया तो नहीं। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारने पर सियासत गरमा गई है। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को कल्याण बनर्जी की मिमिक्री रिकॉर्ड करते देखा गया। इस रिकॉर्डिंग को लेकर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राहुल गांधी की आलोचना की और इसे उपराष्ट्रपति का अपमान करना बताया। वहीं, इस मिमिक्री विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सोमवार को कांग्रेस विधायक राहुल गांधी का समर्थन किया। सिब्बल ने कहा कि वीडियो बनाने में क्या गलत है? समाचार एजेंसी एएनआई ने कपिल सिब्बल के हवाले से कहा, राहुल गांधी ने इस वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म पर चलाया तो नहीं। तो इसमें गलत क्या है।

### राहुल गांधी का किया बचाव

सिब्बल ने अपनी पूर्व पार्टी के नेता का बचाव करते हुए स्पष्ट किया कि अगर वह वहां होते तो ऐसा कुछ नहीं करते। सिब्बल ने बनर्जी के परोक्ष संदर्भ में कहा, लेकिन नकल करने वाले को इसके बारे में सोचना चाहिए था। राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है क्योंकि जिस हद तक संवैधानिक पदों को बदनाम किया जा रहा है वह चिंताजनक है। सिब्बल की टिप्पणी तब आई है जब टीएमसी नेता ने शनिवार को एक बार फिर धनखड़ की नकल करते हुए दावा किया कि वह ऐसा करना जारी रखेंगे।कल्याण बनर्जी ने उतारी थी नकल- पिछले सप्ताह कल्याण बनर्जी द्वारा संसद के मकर द्वार पर अन्य निलंबित सांसदों के साथ विरोध प्रदर्शन के दौरान धनखड़ की नकल करते देखे जाने के बाद एक बड़ा राजनीतिक सियासत छा गया। इस घटना से व्यथित धनखड़ ने अपना दर्द व्यक्त किया और कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में विपक्षी सदस्यों ने उनके पद का अपमान किया है। धनखड़ ने यह भी दावा किया कि यह एक जाट, उनकी जाति और किसान परिवार से आने वाले व्यक्ति के रूप में उनकी पृष्ठभूमि का अपमान है। शनिवार को पश्चिम बंगाल के सेरामपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, बनर्जी ने कथित तौर पर दावा किया कि वह धनखड़ की नकल करना जारी रखेंगे। बनर्जी ने कहा कि वह ऐसा एक हजार बार करेंगे और ऐसा करना उनका मौलिक अधिकार है।

## शिवपाल को नागवार गुजरी अखिलेश पर डिप्टी सीएम केशव की टिप्पणी, सोशल मीडिया पर दिया सख्त जवाब

अखिलेश यादव पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की एक टिप्पणी शिवपाल सिंह यादव को नागवार गुजरी और उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर उन्हें सख्त जवाब दिया है।यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा नेता शिवपाल सिंह यादव सोशल मीडिया पर आमने-सामने आ गए हैं। डिप्टी सीएम केशव ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी की थी जिस पर शिवपाल ने उन्हें करारा जवाब दिया है जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।डिप्टी सीएम केशव ने एक्स पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस दिन से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में डॉक्टर मोहन यादव ने शपथ ली है। सपा बहादुर अखिलेश यादव के पीडीए ( परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी )



के सदस्य बहुत उखड़े-उखड़े हैं। आगे उन्होंने कहा कि सैफई हवाई अड्डा बन सकता है तो बंदायू में क्यों नहीं! इस पर शिवपाल ने पलटवार करते हुए करारा जवाब दिया कि हम समाजवादी लोग तो चाहते हैं कि आप उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में हवाई अड्डा बनवा दें, लेकिन इसके पहले आप कौशांबी में एक हवाई पट्टी भी बना दें, अगर आपकी सरकार में सुनी जा रही है तो? वैसे भी पूरे प्रदेश में सड़क पर चलते हुए हवाई सफर का अहसास तो हो ही रहा है सरकार।मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद कहा जा रहा है कि भाजपा ने यूपी और बिहार में यादव वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। जो कि परंपरागत तौर पर लालू यादव और अखिलेश यादव को वोट करता रहा है। वहीं, अखिलेश यादव का कहना है कि लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए को पीडीए ( पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक ) मिलकर हरा देगा। डेवलपमेंट अथॉरिटी बताकर अखिलेश यादव पर तंज करते हैं।

## संपादकीय Editorial

# General elections on Ram's trust

In view of the general elections of 2024, not only BJP, but also RSS and VHP have prepared a 'master plan' on Ram Temple in Ayodhya. BJP's target is to get 51 percent votes in the Lok Sabha elections, so that it can come to power for the third consecutive time. In this context, the Ram temple under construction in Ayodhya can prove to be a big election issue. The Prime Minister, Home Minister and BJP President have discussed this 'Master Plan' separately with party officials. Prime Minister Modi will inaugurate the consecration ceremony of the idol of Ram Lalla on January 22 and BJP workers will go from village to village, door to door and bring live telecast of that sacred program to the people. This campaign will be started from January 1, 2024. BJP and Sangh Parivar will contact 60 crore people of about 12 crore families by January 15. They will be given a picture of Lord Ram and Akshat (rice) worshiped at the birthplace. They will be invited to collectively watch the celebrations on January 22, offering bhajan and bhog. VHP has also set a target of organizing events in temples, religious or public places of 5 lakh villages of the country on January 22. In fact, this entire exercise of BJP and Sangh Parivar is 'Hindu'. He believes that just as the Ram Mandir proposal was first passed in the Palampur National Executive meeting and after that, more or less northern, Hindi belt India became 'Ram-may', there will be even greater polarization now, because the Ram Mandir. The consecration of life must have taken place. That means, a grand temple of Lord Ram is actually taking shape.

A cultural, spiritual goal is being fulfilled. Prime Minister Modi will visit Ayodhya on December 30 and lay the foundation stone of projects worth Rs 3000 crore. Along with this, 23 completed projects will be handed over to the people of Ayodhya. Whatever arguments BJP and Sangh Parivar may give, the 2024 general elections will be fought only on the faith of Lord Ram. It is a tough task for BJP to get 50 percent votes, but if the target has been set to win 350 or 400 seats, then it should not be difficult for BJP to win 340-50 seats with NDA. BJP has secured 50-62 percent votes in states like Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Gujarat and Rajasthan, but how many seats will BJP be able to win in states like Bengal, Bihar, Maharashtra, Karnataka, Telangana, Tamil Nadu and Kerala, Punjab, Delhi. This is still an important question. Ram Temple has relatively less influence in these states, hence Hinduist polarization is also not that much. Still, the BJP leadership has considered winning 324 seats as a guarantee. On what basis is that possible? India's strategy of fielding a common candidate on each seat against the BJP has not yet worked. Even before that, BJP and Sangh Parivar have presented their 'master plan' that it will be easy to reach the mandate of 2024 through Ram temple, hence it has been decided to celebrate it as 'Shri Ramotsav'. Unemployment, inflation, per capita income, increasing debt of the country etc. are such national problems due to which the common man is getting distressed and affected. Will the condition and direction of the general elections not be decided at all on these issues? Ram Mandir had won two elections in the early 1990s, but after that it started losing in Uttar Pradesh itself. In the 2019 general elections, BJP got 50 percent or more votes on 224 seats. It is not certain whether the elections will be on the same lines, but BJP wants to make Ram Temple an emotional, Hindu identity issue.

# Artificial Intelligence: Machines will make us more human

First, they will accelerate our move from large social platforms to original and creative web communities. We are already tired of feeds that increase our anxiety while its algorithms promote cruelty. I neither consider artificial intelligence to bring miraculous changes nor to be destructive. Like the Internet, smartphones and other transformative technologies, artificial intelligence will have both good and bad effects. We just have to work on balancing it. However, during this period we have seen shocking incidents, which, however, were expected. We found that greedy publishers and devious propagandists have filled the entire web with fake and mediocre content using artificial intelligence. Some good things will also happen in this competition. As such, this competition will lead us to healthy thinking online communities. It will highlight and promote writerly creativity. And it would not be surprising if this helps in the birth of a new generation of independent media. Robots will eventually make the Internet more human. First, they will accelerate our move from large social platforms to original and creative web communities. We are already tired of feeds that increase our anxiety while its algorithms promote cruelty. Artificial intelligence will bring the blind race of algorithm-driven digital publishing to its natural conclusion: social platforms with big feeds will be left as platforms for never-ending noise. When we leave these social platforms forever, we will definitely feel empty for some time, because by now we have become addicted to it. But as we become part of a platform where intelligence is expected, and where quality is preferred over quantity, we will be happy to be connecting with real-world experiences. Secondly, the abundance of authorless content will actually prove helpful in allowing authorial creativity to shine and come to the fore. Ultimately, this rapid transformation driven by artificial intelligence, combined with media economics, will usher in a new era of independent media. We have seen independent journalists funded by communities over the years. Some of these failed, while some lost their energy. Despite this, the list of thriving entrepreneurs in this area is continuously getting longer. Some talented journalists will look at recent success stories made possible by community funding, access intelligent platforms through artificial intelligence and test their writerly creativity, assessing their prospects in established media. If we're lucky, we may see the rise of a new generation of independent media businesses whose work is as entertaining as it is weird, as fragile as it is as creative as its creators want it to be.

# SARS-CoV-2 has not gone anywhere, although the new sub-variant is not a cause for concern.

VOI simply means that the virus being transmitted has certain characteristics that health agencies and the government need to keep an eye on. This VOI classification is provided to motivate public health agencies to monitor COVID-19 cases and detect mutations. It has been almost four years since SARS CoV-2, the virus that causes COVID-19, The first case was found in China. Now once again Covid-19 is in the news. A new sub-variant of SARS CoV-2, JN.1, is in the headlines. This new sub-variant is reported to be found in many countries including India. Governments have started high-level meetings and many states have also issued guidelines regarding wearing masks. This is raising some concerns. Should we be worried? People are asking many types of questions in this regard these days. First of all, even though the COVID-19 pandemic is over, SARS-CoV-2 has not gone anywhere. Once the virus spreads in any part, it continues to spread for a long time. Then the genetic structure of the virus (especially of respiratory viruses) keeps changing and they are classified as new variants and sub-variants. Since WHO has declared JN.1 as a Variant of Interest (VOI), people are worried. But this concern is unnecessary. VOI simply means that the virus being transmitted has certain characteristics that health agencies and the government need to keep an eye on. This VOI classification is intended to motivate public health agencies to monitor COVID-19 cases and detect mutations. The good thing is that so far there is no evidence that JN.1 causes any serious disease or reduced immunity. Therefore citizens do not need to be worried. Secondly, we need to remember that JN.1 is not a new virus, but a sub-variant of BA.86, which is itself a sub-variant of the Omicron variant of the SARS CoV-2 virus. Most people in India, including children, have been exposed to the virus an estimated two to three times over the past four years and most adults in their country have received at least two doses of COVID-19 vaccines. Current evidence confirms that vaccines and natural infection continue to provide protection against any sub-variant, so there is no need to worry. This is also the reason why no one needs additional doses of Covid-19 vaccines right now. Thirdly, newspapers and TV show that Covid-19 cases are increasing. However, this is more artificial than real, as the rate of COVID-19 testing was very low until recently and testing has increased after the announcement of JN.1. Therefore, due to increased testing, Covid-19 cases have increased. Although some deaths are being attributed to Covid-19, they are not related to Corona, but such deaths have occurred in people who had Covid-19 along with other diseases. Fourth, there is a possibility that COVID-19 cases may increase in the coming days, as happened in April 2023, when daily cases increased. However, the increase in infections or cases of most transmitted respiratory viruses, including SARS-CoV-2, is not of immediate concern. If a new variant of concern of SARS-CoV-2 emerges, additional precautions may be needed. So there is no reason to cancel your vacation plans. Yes, if anyone has an illness like cough or flu, wear a mask in public, cover your nose and mouth when you cough or sneeze, and wash hands, even if it's SARS-CoV-2 or any other type of respiratory illness. . In some cities, air pollution is a bigger problem than SARS-CoV-2. Now is the time to treat COVID-19 like other respiratory diseases.

# Society: Why should there be any shame in feeling lonely? Meeting each other will open the closed doors of relationships.

Just liking on social media is not enough. Start meeting people, the closed doors of relationships will open automatically. Bhavasansuddhirityetattapo manasamuchyate. That is, the feeling of satisfaction in the mind, the feeling of respect towards all living beings, the feeling of thinking only about God, the feeling of fixing the mind in the soul and purifying the mind in every way is called penance related to the mind. Bhishma Parva, Gita 17/16 (Sermon of Lord Krishna in person to Arjuna) Fifty-six-year-old Renate Bello will spend the holidays alone this Christmas, taking care of her neighbor's dogs. She believes that she needs to find balance in life. Dr. Vivek H Murthy, author of Together: The Healing Power of Human Connection in a Sometimes Lonely World, says loneliness can lead to embarrassment and low self-esteem. However, he also believes that loneliness is a fundamental human experience. According to him, just as we experience hunger and thirst, everyone also experiences loneliness sometimes. When the relationships we build in society break, it affects the entire body. According to a survey, today more than half of Americans are victims of loneliness. 69-year-old Val Walker, author of 400 Friends and No One to Call, worked hard to build his own social network. But he felt lonely when no one was there to support him even when needed. If your expectations from relationships are not being met, you may still feel lonely. According to Dr. Murthy, to maintain relationships, you have to keep trying continuously and also be honest. What today's youth consider as connection on the small screen of mobile has nothing to do with connecting with people. You don't connect with people just by liking or sending messages on social media. Instead you should try to meet people. This can reopen the closed doors of relationships. According to Lewis Hockley, a research scientist at the University of Chicago, if you are a bookworm, then do not think that people will like to be your friends. Shared values and shared interests lay the foundation of friendship. Relationships take time to build, don't have too many expectations in the beginning. Volunteering is also a way to broaden your social network. In a study of ten thousand volunteers in Britain, nearly two-thirds of volunteers agreed that volunteering made them feel less isolated. Trying to talk to as many people as possible will give you a chance to open up. Instead of judging people, trying to understand them will make you more popular. According to Dr. Hockley, people suffering from loneliness have more control over themselves than they think.You don't connect with people just by liking or sending messages on social media. Instead you should try to meet people. This can reopen the closed doors of relationships. According to Lewis Hockley, a research scientist at the University of Chicago, if you are a bookworm, then do not think that people will like to be your friends. Shared values and shared interests lay the foundation of friendship. Relationships take time to build, don't have too many expectations in the beginning. Volunteering is also a way to broaden your social network.

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर मुरादाबाद के तत्वावधान में किया गया आयोजित भव्य कार्यक्रम

## महामना मदन मोहन मालवीय एवं अटल बिहारी बाजपेई की मनाई गई जयन्ती

क्यूँ न लिखूँ सच
युसूफ

मुरादाबाद। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर इकाई के तत्वावधान में भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री पं. हरिओम शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष पं. संजय शर्मा, ब्राह्मण महासभा के मार्गदर्शक डॉ प्रदीप शर्मा, स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज के निदेशक विपिन जेटली, मुख्य संयोजक विमलेंद्र शर्मा, स्वगताध्यक्ष रौनक शुक्ला, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, महामंत्री राधेश्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन शंखधार ने भगवान परशुराम, महामना मालवीय एवं वाजपेई जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण कर किये। सरस्वती वंदना लक्ष्मी नारायण




लीला श्रोत्रिय विद्या मंदिर किसरौल की छात्राओं ने तथा अतिथियों के लिए स्वागत गीत दिव्य सरस्वती बालिका कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। आयोजन में वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज की एकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज यदि एक होकर साथ चलेगा तो कोई ताकत नहीं कि उसके कदम पीछे खींच सके। ब्राह्मण समाज ने हमेशा राजनैतिक एवं सामाजिक रूप से नेतृत्व प्रदान किया है, किन्तु वर्तमान परिदृश्य में ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि राजस्थान में हुआ विशाल ब्राह्मण सम्मेलन इस बात का उदाहरण है कि यदि ब्राह्मण एक होगा तो उसको सामाजिक और राजनैतिक प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिसके परिणाम स्वरूप राजस्थान के मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री के रूप में ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को स्थान देना है। आयोजन में नैमिष पीठाधीश्वर उपेंद्रानंद जी महाराज की उपस्थिति से प्रांगण पवित्र हो गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में ब्राह्मण समाज से सद्कर्मों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धरती पर ब्राह्मण देवता स्वरूप है। उसके सम्मान से ही भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। आयोजन में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष भाजपा संजय शर्मा को प्रतीक चिह्न और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही समाज में अपना अतुलनीय योगदान देने वाली विभूतियों मिश्री देवी, सीमा त्रिपाठी, सुरेंद्र कुमार शर्मा मुन्ना गुरु, ऋषि देव शर्मा और महेश चंद शर्मा का को भी स्मृति चिन्ह और प्रतीक चिन्ह भेंट कर महानगर इकाई की ओर से सम्मानित किया गया। आयोजन में श्याम मोहन पंडित, संजय स्वामी, सुशील शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, ब्राह्मण महासभा युवा इकाई के अध्यक्ष अमित शर्मा राजू, महामंत्री शरद कौशिक, कोषाध्यक्ष प्रणवीर शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, आशुतोष शर्मा, विशाल शर्मा, मिथुन शर्मा, विवेक शर्मा, राकेश शर्मा, एसपी शर्मा, ज्ञानेंद्र देव शर्मा, सुशील शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, अनामिका त्रिपाठी, पार्षद पंकज शर्मा, गीता शर्मा, उमा शर्मा, रंजना दुबे, सविता शर्मा, विनोद शर्मा, शशि कुमार शर्मा, उमा शर्मा, हरीश शर्मा नरेश शर्मा, सत्यदेव शर्मा, आनंद प्रकाश शर्मा, हेमंत झा, ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, धवल दीक्षित, शरद शर्मा, विवेक शर्मा, नीटू उपाध्याय, राजकुमार शर्मा, अवधेश पाठक, विजय लक्ष्मी पंडित, चंचल शर्मा, कृष्ण अवतार शर्मा, अजय शर्मा, अरविंद शर्मा, विशाल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष का लोगो ने फूल माला से उनका स्वागत किया



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - आज पूर्व मंत्री पूर्व विधायक ऑल इंडिया पसमांदा समाज के राष्ट्रीय संस्थापक डॉक्टर आर ए उस्मानी साहब देश की सभी मंसूरी समाज की सभी संस्थाओं की एक बैठक में शामिल होने दिल्लीजवाहर भवन जाते समय ऑल इंडिया पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी सलाहउद्दीन मंसूरी के गरीब खाने पर तशरीफ लाए सभी लोगो ने फूल माला से उनका स्वागत किया

और समाज के काफी लोगों से मुलाकात की इस मौके पर उत्तराखंड के हाजी नईम मंसूरी साहब भी मौजूद रहे लोगो से मिलने के बाद दिल्ली के लिए रवाना हुए और साथ में हाजी सलाहउद्दीन मंसूरी और हाजी नईम मंसूरी साहब भी उनके साथ रवाना हुए इस मौके पर मशकूर मंसूरी ऑल इंडिया पसमांदा समाज के जिला अध्यक्ष महमूद मंसूरी अब्दुल्ला मंसूरी हिलाल आलम मंसूरी जमाल आलम मंसूरी नवाब मंसूरी शकील मंसूरी उबैद अहमद शाकिर सैफी अमन मंसूरी जुनैद मंसूरी हम्माद मंसूरी आलम मंसूरी नवाब साहब आदि लोग मौजूद रहे

## चलाया जा रहा है मिशन शक्ति अभियान




क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद - आशुतोष शुक्ला के निर्देशन में अनुभाग - मुरादाबाद अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशन पर मिशन-शक्ति अभियान के क्रम में GRP द्वारा महिला यात्रियों को उनके अधिकारों, साइबर अपराध एवं @wpl1090, @112ttarPradesh, विभिन्न हेल्पलाइन नं0 की जानकारी दी गई।

## धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस, प्रभु यीशु की महिमा का किया गुणगान





मुरादाबाद- जनपद में सोमवार को क्रिसमस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसाई समाज के लोगों ने प्रभु यीशू का जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। एक दूसरे को बधाई दी। वहीं अभिभावकों ने छोटे बच्चों को उपहार दिए। क्रिसमस पर्व पर गिफ्ट गैलरी में सांता क्लाज की ड्रेस और टोपी की खासी डिमांड रही। आकर्षक उपहार देकर एक-दूसरे को बधाई दी। फेसबुक, वाट्सएप, ट्वीटर, मोबाइल के माध्यम से अपने क्रिसमस की शुभकामनाएं देने का सिलसिला चलता रहा। पीली कोठी स्थित मेथोडिस्ट चर्च के फादर बिर्जेश मेंसल ने बताया कि क्रिसमस पर्व के अवसर पर चर्च में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और एक दूसरे को क्रिसमस बधाइयां दी। चर्च में पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उधर सेंट पॉल चर्च के फादर सुशील कुमार ने बताया कि चर्च में पूरे दिन बधाई का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान सभी समुदाय के लोगों ने क्रिसमस का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया।

### मध्यरात्रि चर्च में गूंजा मैरी क्रिसमस, केक काटकर मनाई खुशी

महानगर के चर्चों में रविवार को प्रभु यीशु के जन्म के उपलक्ष्य में प्रार्थना का आयोजन हुआ। प्रभु के जन्म होने पर मैरी क्रिसमस से चर्च गूंज उठा। इस दौरान काफी संख्या में ईसाई समाज के लोग मौजूद रहे। मध्यरात्रि में केक काटकर लोगों ने खुशी मनाई। इस दौरान प्रभु के गीतों का गुणगान किया गया। साथ ही एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। ईसा मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर रविवार को पीलीकोठी स्थित मेथोडिस्ट चर्च में उनके अनुयायियों की भीड़ रही। सभी मसीही लोग नई-नई पोशाक में चर्च पहुंचे और परमेश्वर के महान उपहार के लिए धन्यवाद दिया। चर्च में सुबह एडवेंट संडे सर्विस का आयोजन किया गया। देर शाम कैंप फायर का आयोजन हुआ। जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। देर रात क्रिसमस सर्विस का आयोजन हुआ। इसमें लोगों ने प्रभु यीशू के जन्म के उपलक्ष्य में एक दूसरे के साथ खुशी जाहिर की। उधर, टाउनहॉल स्थित ओल्ड मेथोडिस्ट चर्च के फादर हिमांशू ने बताया कि प्रभु यीशू के जन्म के उपलक्ष्य में मध्यरात्रि केट कटिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें लोगों ने प्रभु के जन्म के उपलक्ष्य में केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही उनके गीतों का गुणगान किया। वहीं, महानगर के सबसे पुराने सेंट पॉल्स चर्च में सुबह 10 बजे प्रार्थना हुई। जिसमें फादर सुशील कुमार न लोगों को प्रभु के जीवन के बारे में बताया। साथ ही उनके बलिदान की व्याख्या की। इसके बाद रात को 10 बजे विशेष प्रार्थना की गई। साथ ही केट काटकर प्रभु के जन्म की बधाई दी गई। अन्य चर्चों में भी विशेष प्रार्थना का आयोजन हुआ। इस दौरान काफी संख्या में ईसाइयों समेत अन्य धर्मों के लोगों ने भी भाग लिया।




## 325 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद श्री आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मुरादाबाद के नेतृत्व में आज दिनांक 25.12.2023 को तीन नफर अभियुक्त 1. श्यामवीर पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम लंगूरा थाना भमौरा जिला बरेली को 600 ग्राम अफीम व 2. अर्जुन उर्फ बनारसी पुत्र पप्पू श्रीवास्तव निवासी ग्राम लंगूरा थाना भमौरा जिला बरेली को 375 ग्राम अफीम एवं 3. जितिन कुमार पुत्र विष्णु निवासी ग्राम बिलगरी थाना जैतीपुर जिला शाहजहांपुर को 325 ग्राम




अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर क्रमशः मु0अ0स0 210/23 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट बनाम श्यामवीर, मु0अ0सं0 211/23 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट बनाम अर्जुन उर्फ बनारसी, मु0अ0सं0 212/23 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट बनाम जितिन कुमार पंजीकृत किया गया। अभियुक्त गणो से कुल 01 किलो 300 ग्राम अफीम बरामद हुई जिसकी कुल अनुमानित कीमत अर्न्तराष्ट्रीय बाजार मे (1950000/- रुपये) है। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## अधर में रह गईं 414.76 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाएं, अब अधिकारियों को दिखानी होगी तत्परता

मुरादाबाद- स्मार्ट सिटी मिशन की 414.76 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाएं लाख प्रयास के बाद भी इस साल अधर में रह गईं। लंबित परियोजनाओं में सबसे महत्वाकांक्षी 127 करोड़ से अधिक रुपये की लागत की स्मार्ट रोड नेटवर्क परियोजना है। इसके पूरा होने पर स्कॉडा परियोजना के तहत महानगर में बिजली के खंभों को हटाने के साथ जर्जर तारों के भूमिगतीकरण से महानगर स्मार्ट होगा। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्तर्गत 37 महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के माध्यम से महानगर को पूरी तरह स्मार्ट बनाया जा रहा है। इसमें कई बड़ी परियोजनाएं पूरी होने से यातायात को सुचारु बनाने में सहूलियत हुई है तो अपराध नियंत्रण में भी आसानी हो रही है। इसके लिए 2.37 अरब रुपये से पीलीकोठी स्थित नगर आयुक्त के शिविर कार्यालय परिसर में एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित है। इसमें लगे 264 सेंसरयुक्त कैमरे के माध्यम से पूरे महानगर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था की निगरानी होती है। आपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के 48 स्कूलों का जीर्णोद्धार कराया गया है। जिसमें स्मार्ट क्लास संचालित हो रहे हैं। सोलर आधारित वाटर एटीएम से शीतल शुद्ध पेयजल



की सुविधा मिली तो ईको फ्रेंडली सोलर आधारित स्मार्ट टायलेट भी जगह-जगह बना। लेकिन, चार साल में भी 10 परियोजनाएं अभी अधर में हैं। इन्हें पूरा कराने के लिए अधिकारियों को तत्परता दिखानी होगी।

यह परियोजनाएं हो चुकी हैं पूरी स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड की 37 में से 515.24 करोड़ रुपये की 27 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इसमें 237.56 करोड़ रुपये की लागत से बना एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, महानगर में संपत्तियों की जीआईएस आधारित मैपिंग, वायु गुणवत्ता मापक स्टेशन, मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर फॉर ब्रास रिसर्च, आपरेशन कायाकल्प, ब्रास औद्योगिक क्षेत्र में सेवायोजन के लिए कॅरियर मित्र प्वाइंट, मानव शवदाह गृह, एनीमल कारकस प्लांट, सोलर आधारित वाटर एटीएम परियोजना पूर्ण हो चुकी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन, सरकारी स्कूलों पर सोलर रूफ टाप, स्मार्ट मीटरिंग आफ वाटर सप्लाई नेटवर्क इन एबीडी एरिया, ओवर हेड टैंक का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण भी हो चुका है। स्मार्ट सिटी परियोजना की 37 में से 27 परियोजना पूरी हो चुकी है। चार प्रवेश द्वार पर सिटी ब्रांडिंग लोगो सहित 10 परियोजना पर काम चल रहा है। इसमें से कई मार्च और कुछ जून तक पूरी हो जाएंगी। -संजय चौहान, सीईओ (नगर आयुक्त) स्मार्ट सिटी मिशन

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर सोमवार को भाजपा मंडल बिहारपुर कार्यक्रम विभिन्न गांवों में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर सोमवार को भाजपा मंडल बिहारपुर कार्यक्रम विभिन्न गांवों में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैश्य भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पुनित पाठक मंडल मंत्री मदन लाल जायसवाल, जिला मंत्री शिव प्रसाद, जिला कार्य समिति सदस्य अवध कुमार पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामपाल जायसवाल, महामंत्री हंसेलाल जायसवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिहारपुर रामेश्वर बैश्य ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती साल 2014 से 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने बताया है कि पोखरण परमाणु परीक्षण वाजपेयी की बड़ी उपलब्धि है। जिसने भारत को परमाणु ऊर्जा के तौर पर स्थापित किया। इस अवसर पर भाजयुमो महामंत्री बीपी जायसवाल, कन्हैयालाल साहू, देवेंद्र गुप्ता, पंचायत सचिव देवनारायण सिंह, सरपंच सुमित्रा खैरवार , रामबरन खैरवार अशोक जायसवाल लक्ष्मण जायसवाल, बैकुंठ प्रसाद जायसवाल राम कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अटल बिहारी बाजपेयी की प्रसिद्ध कविताओं में मौत से ठन गई, गीत नया गाता हूं, कदम मिलाकर चलना होगा आदि का गायन किया गया।

## सरकारी जमीनों पर मजार बनाकर कब्जा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद विश्व हिन्दू परिषद (ब्रज प्रान्त) के प्रान्त अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि सूत्रों द्वारा पता चला कि एक नई मजार का निर्माण नगरिया मोड़ से निधौली कलां की तरफ जाते समय फ्लाईओवर पिलुआ के नीचे किया जा रहा है जिसकी सूचना मिलते ही मै घटनास्थल पर टीम के साथ पहुंचा तो देखा कि जिहादियो द्वारा लैंड जिहाद किया जा रहा था तथा मैने घटनास्थल से ही तत्काल सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एटा को दी तथा उन्होंने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष पिलुआ को निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण का तत्काल समाधान करायें। श्री चौहान ने कहाँ कि उत्तर प्रदेश में हिंदुत्व की सरकार चल रही है उसके बावजूद भी जिहादियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सरकारी जमीनों पर मजार बनाकर कब्जा करने से नहीं चूक रहे हैं। जो की काफी गंभीर विषय है। यह लोग सड़क के किनारे रेलवे स्टेशन के किनारे पड़ी जमीनो को घेरते हैं। यह लैंड जिहाद का नया तरीका है। श्री चौहान ने कहा कि मेरी संपूर्ण हिन्दू समाज से अपील है कि इस तरीके की घटना अगर कहीं दिखायी दे तो तत्काल थाने में सूचना करें या हम लोगों को अवगत कारण जिससे कि लैंड जिहाद को रोका जा सके। मौके पर पहुंचे, अतुल कुमार, अवनेंद वर्मा, सिद्धार्थ भदोरिया,।

## पथवारी मन्दिर, ठण्डी सड़क पर हुआ भव्य खाटू श्याम भजन संध्या

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-सिद्धपीठ मां पथवारी के प्रांगण में एक शाम श्याम के नाम एकादशी के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ।श्याम भजन संध्या में सर्वप्रथम पूजा अर्चना के साथ श्याम ज्योति सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता, पंकज गुप्ता एवं आयोजकगण अमित जौहरी, हिमांशु अस्थाना, गौरव सक्सैना, रवि कांत सक्सैना एडवोकेट ने प्रज्वलित कर श्याम बाबा के आह्वान के साथ भजन संध्या प्रारम्भ हुयी की गई, तदोपरान्त पार्टी के भजन गायक खन्ना ने श्याम आरती की प्रस्तुति दी और ?आ गया मैं बाबा सारी दुनिया दारी छोड़कर, खाटू वाले लेने आजा रिंगस के इस मोड़ पर। लगातार श्याम के भजनों को सुना कर श्याम भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया मैं फूलों से बाबा तुम्हारा श्रृंगार कराऊंगा, सेठों का सेठ खाटू नरेश आदि अनेक भजनों की प्रस्तुति प्रिया जैन और कवीर बृजवासी द्वारा दी गयी, जिससे वहां उपस्थित सभी श्याम भक्त श्याम रस में सराबोर हो खूब थिरके। देर रात तक चले इस भव्य भजन संध्या कार्यक्रम में श्याम भक्तों की भीड़ लगातार बढती रही जिससे मन्दिर का प्रांगण खाचा खच भरा रहा। श्याम कीर्तन में मुख्य रूप से अनिल सक्सेना, राजेश माथुर, शवनम जौहरी, अलका सक्सेना, गुंजन अस्थाना, सचिन वार्ष्णेय, वरुण जौहरी, मनोज श्रीवास्तव, निशांत, जीतेन्द्र महेश्वरी, विशाल वार्ष्णेय, संचित चौधरी, सुधीर सक्सैना, सीमा वार्ष्णेय, सुमन महेश्वरी, प्रमोद दीक्षित, अनिल पाण्डेय, उमा शंकर, शेखर, पंकज सक्सैना, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा गुप्ता, पंकज गुप्ता, अमित जौहरी, हिमांशु अस्थाना, गौरव सक्सैना, रवि कांत सक्सैना, वैभव राज, अंशुल जैन, क्षितिज सक्सैना, सुबोध मिश्र, हृदय कान्त, संजीव सरगम, व्योमकेश राठोर, संभव गुप्ता, जसराना खाटू श्याम मन्दिर कमेटी आदि सैंकड़ों श्याम भक्त देर रात तक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक मण्डल ने आये सभी श्याम भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त कर प्रसाद वितरण करवाया।

## तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में पॉलीथिन निस्तारण जन-जागरूकता अभियान चलाया

क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली।रेनबो हॉस्पिटल, सभागार में सोमवार को तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में पॉलीथिन निस्तारण जागरूकता अभियान चलाया गया। डायरेक्टर डॉक्टर निशा मिश्रा ने 22 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में अयोध्या जाकर राम लला के दर्शन करने का आह्वान किया।और सबके साथ संकल्प लिया कि हर कोई अयोध्या जायेगा, पर कोई भी प्लास्टिक साथ ना ले जाएगा। सुदीप अग्रवाल (महानगर संयोजक) डॉ. चंचल श्रीवास्तव (नगर संयोजक) ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में विस्तार से बताया एवं इकोब्रिक द्वारा प्लास्टिक जैसे विषैले पदार्थ के निस्तारण का उपाय सिखाया। डॉ राकेश मिश्रा, डॉ अमित शर्मा ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर पर रोहित मिश्रा, अभय सिंह अभिषेक मिश्रा व हॉस्पिटल के समस्त कर्मचारी व मरीज एवं उनके तामीरदार आदि मौजूद रहे।

## 108 कुंडीय यज्ञशाला में हजारों गायत्री परिजनों ने की पूर्ण आहुति - सफलता पूर्वक यज्ञ संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-शिकोहाबाद रोड स्थित उद्देतपुर एटा के बीएस गार्डन में आज प्रातः काल से विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना के साथ गायत्री हवन/ यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ के आखिरी दिन आज 108 कुंडीय यज्ञमंडप में यज्ञ करने वाले गायत्री परिवार से जुड़े हजारों लोगों ने बड - चडकर अपनी-अपनी उपस्थित दर्ज कराई,और यज्ञ तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानो में सहभागिता का निर्वाहन किया। उल्लेखनीय है कि 22 दिसंबर 2023 से विशाल कलश यात्रा के साथ आयोजित कराया गया 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ पूर्ण आहुति के साथ आज सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। शांतिकुंज हरिद्वार से एटा मे गायत्री यज्ञ संपन्न कराने हेतु आई बहिनों की टोली जिसमें श्रीमती शकुंतला साहू टोली (नायक) श्री मती संगीता राठौर, श्रीमती नीरू गौतम,श्रीमती कौशल्या यादव, श्रीमती राधा धुव,नीलम शास्त्री जी द्वारा मंच पर सूक्ष्म महाशक्ति के रूप में स्थापित गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य तथा भगवती स्वरूपा परम वंदनीय माताजी भगवती देवी एवं वेद माता गायत्री के चित्रों एवं कलश का पूजन कराया गया। इस पूजन विधि में राधा रानी के पुंडीर के माध्यम से विशनपाल सिंह चौहान पत्रकार श्रीमती रजनी चौहान सहित अन्य महिला पुरुषो के करकमलों द्वारा पूजन विधि संपन्न कराई गई। तदोपरांत हवन-यज्ञ शुभारंभ हुआ जिसमें हजारों गायत्री परिजनों द्वारा आहुतियां संपन्न की गई। यज्ञ की पूर्ण आहुति के दौरान ही शिक्षा संस्कार, दीक्षा, पुसंवन, मुंडन, अन्नप्राशन, संस्कार तथा जन्मदिन संस्कार आदि भी संपन्न कराये गये। अंत में वेद माता गायत्री की आरती की गई तदोपरांत कार्यक्रम के संपन्न होने की घोषणा भी की गई। गायत्री हवन - यज्ञ एवं संस्कार कार्यक्रमों के उपरांत हरिद्वार से आई ब्रह्मवादिनी वहिनों की टोली का मान सम्मान एवं स्वागत करते हुए गायत्री परिवार एटा के परिजनों द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ वहिनों की विदाई की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीरेंद सिंह तोमर मामा जी,अवनीश तोमर, विशनपाल सिंह चौहान पत्रकार,सुरेंद्र चौहान, पुष्पेंद्र चौहान, संजय चौहान मीडिया प्रभारी, सरला पुंडीर, सरला चौहान,राधा रानी पुंढीर,रजनी चौहान, सत्यदेव उपाध्याय, शिवप्रसाद पचोरी,राम शरण शर्मा, हरिओम श्रीवास्तव, राधेश्याम श्रीवास्तव सहित हजारों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एटा पर अनुसूचित मोर्चा की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-भारतीय जनता पार्टी कार्यालय एटा पर अनुसूचित मोर्चा की एक बैठक लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर संपन्न हुई जिसमें अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार जाटव ने जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री संदीप जैन जी का पका पहनकर स्वागत किया तथा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष जी सुधीर कुमार जाटव ने मोर्चा के समस्त पदाधिकारी को अवगत कराया की बूथ पर होने वाले कार्यक्रमों में नंबर एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी को समर्पण दिवस के रूप में मनाएंगे नंबर दो 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के रूप में मनाएंगे तीन नंबर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर 23 जून बलिदान दिवस के रूप में मनाएंगे नंबर चार 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती अंतोदय दिवस के रूप में मनाएंगे बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्री संदीप दिवाकर श्री मुनेश दिवाकर श्री रितेश धनगर श्री रामसनेही नगर श्री अभिषेक गौतम जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा श्री भानु प्रताप सिंह श्री धर्मेंद्र दिवाकर जिला मंत्री श्री विशाल राज वाल्मीकि श्री रजनीश कठेरिया श्री मनोज कुमार जाटव सोशल मीडिया प्रमुख श्री अनिल कठेरिया सोशल मीडिया श्री हिमांशु सागर जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री सुमन कुमार जाटव श्रीमती मुन्नी देवी नागर श्री विजय कुमार नागर मंडल अध्यक्ष महेरा मंडल अध्यक्ष श्री राम दरबार कुलविंदर सिंह मंडल अध्यक्ष श्री कैलाश मंदिर श्री विवेक कुमार वाल्मीकि राजूर मंडल अध्यक्ष श्री योगेश कुमार निधौली देहात मंडल अध्यक्ष श्री हरवीर सिंह अहेरिया आदि अनेकों अनुसूचित मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया

## तुलसी पूजन दिवस पर समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन ने किया वृक्षारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच



तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन द्वारा शिवाजी पार्क, आवास विकास कॉलोनी, आगरा रोड हरिगढ़ में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना ने बताया कि तुलसी पूजन दिवस के दिन तुलसी के पौधे की पूजा करना काफी शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तुलसी माता की पूजा अवश्य करनी चाहिए,

साथ ही एक दीपक तुलसी के पौधे के समीप अवश्य जलाना चाहिए। सनातन धर्म में तुलसी पूजन दिवस के दिन मंदिरों में तुलसी के पौधे का दान देने का भी काफी खास महत्व बताया गया है। वहीं इस मौके पर अपने घर में तुलसी का पौधा लगाना भी काफी शुभ बताया गया है। इसी क्रम में हमारी संस्था ने शिवाजी पार्क स्थित मंदिर के समीप वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारती ने किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना, सचिव लोकेश कुमार सिंघल, उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, उपसचिव अंकित वार्ष्णेय, उपसचिव टिंकू वार्ष्णेय, भारती, मोनिका वर्मा, साक्षी साहनी, रेखा यादव, महिमा सक्सैना, तनिष्क शर्मा, गुलशन आदि उपस्थित रहे।

## पैकर्स एंड मूवर्स एसोसिएशन का निर्विरोध मनबीर शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रवीण शर्मा



सर्वसम्मति से संरक्षकों की बैठक में मनबीर शर्मा को पैकर्स एंड मूवर्स एसोसिएशन रायपुर के अध्यक्ष नियुक्त किया गया जिसमें संरक्षकों में मनमोहन सिंह अजय शर्मा, अनिल सिंह शामिल हुए एव नई कार्यकारिणी में पदाधिकारी सूची में उपाध्यक्ष अनिल शर्मा,उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह, सचिव रमेश कुमार,सचिव विक्रमजीत शर्मा, सचिव दयाकिशन जांगड़ा,कोषाध्यक्ष राजेश जांगड़ा को शामिल किया गया इस अवसर पर श्री खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज व अन्य उपस्थित सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## स्व.श्री संदीप उपाध्याय स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट नदमनिया सीजन 7 उद्घाटन समारोह



क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा

